प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

11.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि मण्डी जिला के सराज और नाचन विधानसभा क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा से अप्रत्याशित नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन द्वारा दिन–रात प्रभावित परिवारों को राहत और अन्य सामग्री प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए पैसे की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मुख्यमंत्री आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे के बाद आज सुंदरनगर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राहत और बचाव कार्यों के लिए अभी तक 7 करोड़ रूपए जारी किए हैं और सभी मुख्य सड़कों को यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। अब सम्पर्क मार्गों को खोलने का काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह आपदा प्रभावित क्षेत्रों में उन लोगों को वन भूमि देने की केन्द्र सरकार से अनुमति मांगेंगे जिन लोगों के पास इस आपदा के बाद अपनी कोई जमीन नहीं रह गई है।

संजय अवस्थी

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी मजबूत करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की मांगल पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन और शिलान्यास के मौके पर जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांव–गांव तक बेहतर सम्पर्क सुविधा प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। संजय अवस्थी ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार दिलाना भी सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं।

दुर्घटना

बिलासपुर जिला के नम्होल के पास बीती रात एक निजी बस के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 32 लोग घायल हो गए। घायलों में 7 की हालत गम्भीर है। अधिकांश घायलों को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर में भर्ती करवाया गया है। ये निजी बस पंजाब से शिमला की ओर आ रही थी। इसी दौरान नम्होल के पास चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया और ये बस गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत व बचाव कार्य आरम्भ कर दिए तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज एम्स बिलासपुर का दौरा कर घायलों का कुशलक्षेम पूछा और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों को प्रदेश सरकार की ओर से हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया।

सुनील शर्मा बिट्टू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और प्रभावी क्रियान्वयन के चलते हिमाचल प्रदेश शिक्षा क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाते हुए देश भर में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष पहले तक हिमाचल की ये रैंकिंग गिरकर 21वें पायदान पर पहुंच गई थी। सुनील शर्मा बिट्टू आज हमीरपुर में कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में सोलर प्लांट के उदघाटन अवसर पर छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल, इंग्लिश मीडियम और कई अन्य योजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक, शैक्षणिक ढांचा विकसित किया जा रहा है।

चिंतपूर्णी मेले

उत्तर भारत के प्रसिद्व शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में श्रावण अष्टमी मेलों का आयोजन 25 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा। एस.डी.एम. अम्ब सचिन शर्मा ने आज इस संबंध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को मेले के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

———————————————